निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
Kendriya Vidyalaya Sangathan
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016

05 सितंबर, 2024

संदेश

शिक्षक दिवस-2024 के अवसर पर समस्त शिक्षक समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं!

आज, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन देश के सभी शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करता है। यह आपका अथक समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता है, जो देश की भावी पीढ़ी को आकार दे रही है, उनमें ज्ञान, चरित्र और जीवन मूल्यों का संवर्धन कर रही है।

शिक्षण कार्य एक पेशेवर दायित्व से कहीं अधिक है; यह एक सतत् मिशन, एक पवित्र कर्तव्य और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला एक पावन यज्ञ है। एक शिक्षक न केवल अपने विद्यार्थियों की भावनात्मक और बौद्धिक क्षमता को समझकर उनका मार्गदर्शन करता है, बल्कि उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षकों के प्रति यह सम्मान भारतीय दर्शन में गहराई से अंतर्निहित है।

देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षक अपनी असाधारण सेवा और समर्पण से संगठन को लगातार नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों के दूरदराज इलाकों से लेकर राजस्थान के मरुस्थलों और लक्षद्वीप एवं अंडमान-निकोबार के द्वीपों तक, हमारे शिक्षकगण निरंतर शिक्षा की ज्योति जलाए हुए हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन अपने सभी शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान के लिए उनकी हार्दिक सराहना करता है। हम आशा करते हैं कि विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध बनाने और एक मजबूत राष्ट्र के भविष्य निर्माण का यह प्रवाह निरंतर यूं ही चलता रहेगा।

शिक्षक दिवस की अनेक शुभकामनाएं सहित,

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)
आयुक्त

011-26512579 www.kvsangathan.nic.in commissioner-kvs@gov.in @KVS_HQ @KVSHQ @kvshqr